# GRAND TEST EXAMINATIONS -2025-2026
## 10th Class - Hindi

### भाग- 1

प्रश्न- 1

| | |
|---|---|
| अ | हामिद की दादी का नाम अमीना है। |
| आ | टोपी (A) |
| इ | दादी (C) |
| ई | जूते (D) |

प्रश्न- 2

| | |
|---|---|
| अ | भारतवासी सत्य, अहिंसा, त्याग समर्पण की बगिया को महकाना चाहते हैं। |
| आ | क्लेश को मिटाकर (B) |
| इ | मन में (C) |
| ई | विश्वबंधुत्व का (A) |

प्रश्न- 3

| | |
|---|---|
| अ | राजू की कमजोरी उसकी टांगें बहुत पतली और दुर्बल होना। |
| आ | खुशी-खुशी से (C) |
| इ | मदद करता (D) |
| ई | पुराने (A) |

प्रश्न- 4

| | |
|---|---|
| अ | पद कविता पितामह के नाम से श्री ताल्लपका अन्नमाचार्य प्रसिद्ध है। |
| आ | अन्नमाचार्य (D) |
| इ | श्री वेंकटेश्वर (C) |
| ई | तेलुगु (A) |

प्रश्न- 5

| | |
|---|---|
| अ | पेड़ की डाली पर नन्हीं गिलहरी झूलती चलती है। |
| आ | मूँगफली (C) |
| इ | डाली पर (A) |
| ई | गिलहर (A) |

प्रश्न- 6

| | |
|---|---|
| अ | काका कालेलकर का पूरा नाम <u>दत्तात्रेयबालकृष्ण कालेलकर</u> है। |
| आ | लेखक का जन्म <u>सन् 1885</u> में हुआ था। |
| इ | काका कालेलकर ने आजीवन <u>गाँधीवादी</u> विचार धारा का पालन किया। |
| ई | इन्होंने <u>हिंदुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा</u> के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। |
| उ | वे <u>राज्यसभा</u> के सदस्य भी रह चुके हैं। |

प्रश्न- 7 अ) श्री सुमित्रा नंदन पंत

| | |
|---|---|
| i) | श्री सुमित्रानंदन पंत का जन्म 1900 में हुआ। |
| Ii) | पंत जी की प्रमुख रचनाएँ वीणा, ग्रंथी, पल्लव, गुंजन आदि है। |
| Iii) | पंत जी प्रकृति के बेजोड़ कवि थे। |
| iv) | पंत जी को " साहित्य अकादमी" सोवियत रूस" पुरस्कार मिला। |
| V) | पंत जी का निधन सन् 1977 को हुआ। |

बिहारी

| | |
|---|---|
| i) | बिहारी रातिकाल के कवि थे। |
| Ii) | बिहारी के पिता का नाम केशवराम थे। |
| Iii) | बिहारी के गुरु का नाम नरहरिदास है। |
| iv) | बिहारी की प्रमुख रचना सतसई (सप्तशती)। |
| V) | बिहारी के दोहे गागर में सागर भरते हैं। |

### भाग- 2

## II अभिव्यक्ति

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।** **4 x 4 =16 M**

8. अ) सावन में प्रकृति की सुंदरता पर अपने विचार लिखिए।

* सावन के मौसम में घने काले बादल आसमान में छा जाते हैं।
* मेघ के अंदर बिजली चम-चम चमकती है। मेघ गरजने लगते हैं।
* ठंडी हवा के छूने से मूसलधार वर्षा होने लगती है।

* सारी प्रकृति में नई शोभा दिखाई पड़ती है।

* प्रकृति में सभी प्राणी खुशी से विभिन्न स्वरों में आवाज़ देने लगती हैं।

(या)

आ) कहि रहीम संपत्ति सगे, बनत बहुत बहु रीत।
बिपती कसौटी जो कसे, सोई साँचे मीत।।

9 अ) 'आल्हा' लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं?

**जवाब)** * आल्हा उत्तर भारत का एक प्रसिद्ध वीर लोकगीत है, जो विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में गाया जाता है।
* इसमें वीर योद्धा आल्हा और ऊदल की बहादुरी और पराक्रम का वर्णन मिलता है।
* यह लोकगीत मुख्यतः वर्षा ऋतु में और मेलों के अवसर पर उत्साहपूर्वक गाया जाता है।
* आल्हा गीतों में वीर रस की प्रधानता होती है, जिससे श्रोताओं में साहस और देशभक्ति की भावना जागृत होती है।
* यह लोकगीत हमारी भारतीय लोक-संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

(या)

आ) भारतीय संविधान में हिंदी का क्या स्थान है?

**जवाब)** * भारतीय संविधान में हिंदी को संघ की राजभाषा का स्थान दिया गया है।
* संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी संघ की राजभाषा है।
* हिंदी के साथ-साथ अंग्रेज़ी भाषा का भी सरकारी कार्यों में प्रयोग किया जाता है।
* संविधान में अन्य भारतीय भाषाओं को भी मान्यता दी गई है।
* इस प्रकार हिंदी को देश की प्रमुख राजभाषा के रूप में सम्मानित स्थान प्राप्त है।

10 अ) गोदावरी नदी के टापुओं की क्या विशेषता है ?

**जवाब)** गोदावरी के टापू लंबे और चौड़े होते हैं। ये टापू बहुत प्रसिद्ध है। कई टापू पुराने धर्म की तरह स्थिर रूप होकर जमे हुए हैं। कुछ टापू क्षण-क्षण में स्थल की नवीनता उत्पन्न कर लेते हुए नया रूप ग्रहण करते हैं। इन टापुओं में बगुलों के पैरों के निशान ही दिखाई पडते हैं। ये बगुले दिशा सूचित करते हैं।

(या)

आ) कलाम जी ने भ्रष्टचार के उन्मूलन में क्या सुझाव दिया?

**जवाब)** सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को जड़ से दूर करने के लिए एक व्यापक आंदोलन चलानी है। माता-पिता और प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक उन छात्रों को सदैव ईमानदारी और सच्चाई के पाठ पढ़ानी है। इससे छात्र आगे भविष्य में बुरे रास्ते पर न जाएगा। इस तरह भ्रष्टाचार उन्मूलन में छात्र का महत्वपूर्ण योगदान है।

11 अ) अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइए?

**जवाब)** अरुणा एक समाज सेविका है। उसने बाढ़ पीडित जनता की यथाशक्ति सेवा की। सडक के किनारे मरी भिखारिन के बच्चों को भगवान के भरोसे पर न छोडकर उनको गोद ले ली। इससे हमें पता चलता है कि अरुणा सचमुच मानवता की मूर्ती है। अरुणा में दया, सेवा, त्याग और ममत्व आदि भावनाएँ भरपूर है। इससे हमें पता चलता है कि अरुणा सचमुच एक मानवता की मूर्ति है।

(या)

आ) राजा कुमारवर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई?

**जवाब)** हरित नगर का राजा कुमार वर्मा था। उसके शासन काल में राज्य हरा-भरा रहता था। लेकिन एक बार हरित नगर में अकाल पड़ा। राज्य में सारी फसलें सूख गयीं। तालाब, गड्ढे सूख गये। केवल दो ही जीव नदियाँ बची थीं। जो छोटी-छोटी नहरें बनकर रह गयीा। इसीलिए अकाल की स्थिति उत्पन्न हुई।

## भाग- 3

## III अभिव्यक्ति

12 अ) मेहनत ही सफलता की कुंजी है। 'कण-कण का अधिकारी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**जवाब)** * 'कण-कण का अधिकारी' नामक कविता के कवि डॉ.रामधारी सिंह 'दिनकर' जी है।

* दिनकर जी हिंदी के राष्ट्रीय कवि थे।
* प्रस्तुत कविता उनके कुरुक्षेत्र नामक काव्य से लिया गया है।
* प्रस्तुत कविता में भीष्म पितामह धर्मराज को श्रम के महत्व के बारे में बता रहे हैं।
* हे! धर्मराज एक मनुष्य पाप के बल पर धन इकट्ठा करता है।
* दूसरा भाग्यवाद के छल से भोगता है।
* मानव समाज का एक मात्र आधार श्रम और भुजबल है।
* श्रमिक के सामने पृथ्वी, आकाश, पाताल विनम्रता से झुक जाते हैं।
* जो परिश्रम करता है उसे सुख प्राप्त करने का अधिकार है। उसे सुख से वंचित नहीं करना चाहिए।
* जो पसीना बहाकर श्रम करता है, उसे पहले सुख पाने देना चाहिए।
* प्रकृति में जो भी वस्तु संपदा है, वह मनुष्य मात्र की संपत्ति है।
* उसके कण-कण पर श्रमिक का ही अधिकार है।
* ओज पूर्ण भाषा का प्रयोग किया गया है।
* श्रम के महत्व को सुंदर एवं सरल शब्दों में बताया गया है।

(या)

आ) रैदास के पदों का भाव स्पष्टकीजिए।

जवाब)

- संत रैदास का जन्म 15वीं शताब्दी में सीर गोवर्धनपुर गाँव में हुआ था।
- वे एक महान भक्त, समाज सुधारक थे।
- निर्गुण भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे।
- भाईचारे और मानवता का संदेश फैलाया।
- रैदास ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि है।
- उनकी भक्ति दास्य एवं सख्य भक्ति है।
- वे भगवान को चंदन, बादल, मोती से तुलना किए है।
- मैं ईश्वर को स्वामी, दानी, गुरु, मित्र, माँ-बाप मानकर पूजा करता हूँ।
- क्यों कि ईश्वर स्वामी है तो मैं उनकी सेवा करने वाला दास हूँ।
- वे दानी है तो मैं भिखारी हूँ।
- वे गुरु है तो मैं उनके मार्गदर्शन में चलनेवाला शिष्य हूँ।
- इसके साथ मैं उन्हें अपना माँ-बाप मानकर उनकी भक्ति में लीन होना चाहता हूँ।

13 अ) लोकगीत मुख्यत: ग्रामीण जनता की मार्मिक भावनाएँ हैं - लोकगीत पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए।

जवाब)

- पाठ "लोकगीत" के लेखक भगवत शरण उपाध्याय हैं।
- इस पाठ में भारतीय संस्कृति में लोकगीत और संगीत के गहरे संबंध का वर्णन किया गया है।
- लोकगीत मनोरंजन का प्रमुख साधन हैं और जीवन में उत्साह व उमंग भरते हैं।
- गीत-संगीत के बिना मानव जीवन नीरस हो जाता है।
- लोकगीत शास्त्रीय संगीत से भिन्न होते हैं और सीधे जनता से जुड़े होते हैं।
- ये घर, गाँव और नगरों में बिना विशेष साधना के गाए जाते हैं।
- त्योहारों और विशेष अवसरों पर स्त्री-पुरुष दोनों मिलकर इन्हें गाते हैं।
- लोकगीत ढोलक, करताल, झाँझ, बाँसुरी जैसे साधारण वाद्यों के साथ गाए जाते हैं।
- भारत के विभिन्न क्षेत्रों में आदिवासी, पहाड़ी और ग्रामीण लोकगीत प्रचलित हैं।
- चैता, कजरी, बारहमासा, सावन, बाउल, भतियाली, आल्हा, गरबा और रसिया प्रमुख लोकगीत हैं।
- भोजपुरी का बिदेसिया और पंजाब के प्रेम-विरह गीत भी बहुत लोकप्रिय हैं।
- लोकगीत देहात और गाँवों में त्योहारों व विशेष अवसरों पर गाए जाते हैं, जिन्हें अधिकतर स्त्रियाँ गाती हैं।
- इन गीतों में साधना की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि ये सीधे दैनिक जीवन से जुडे होते हैं।
- ये मन को छू लेते हैं। लोकगीत स्थानीय बोलियों में गाए जाते हैं।

- ये पीलू, सारंग, दुर्गा, सावन, सोरठ जैसे रागों में आधारित होते हैं।
- इनमें ग्रामीण जनता की मार्मिक भावनाएँ अभिव्यक्त होती हैं।

इस प्रकार लोकगीत में मुख्यत: ग्रामीण जनता की मार्मिक भावनाएँ हैं।

(या)

आ) ए पी जे अब्दुल कलाम के विचार में आदर्श नागरिक के लक्षण स्पष्ट कीजिए ?

**जवाब)**

- अच्छे नागरिक को अपने देश के कानूनों का पालन करना चाहिए।
- उसमें ईमानदारी और सत्यनिष्ठा होनी चाहिए।
- वह समय पर कर (Tax) चुकाने वाला होना चाहिए।
- उसे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए।
- दूसरों के विचारों, धर्मों और संस्कृतियों का सम्मान करना चाहिए।
- स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना चाहिए।
- उसमें दूसरों की मदद करने और समाजसेवा की भावना होनी चाहिए।
- वह देश की संपत्ति को अपनी संपत्ति समझकर उसकी रक्षा करनी है।
- ऐसे नागरिक राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भाग- 4

### IV सृजनात्मकता

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुार लिखिए।**

**किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** **1 x 8 =8 M**

14 अ) मौनिका विजयवाडा में रहती है। अपनी दादी से मिलने गुंटूर जाना चाहती है। तथ्य को आधर बनाकर प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

**छुट्टी-पत्र**

विजयवाडा
X X X X,

सेवा में,
श्रीमान प्रधानाध्यापक जी,
जि.प.हाई स्कूल,,
गाँधीनगर,
विजयवाडा।

मान्यवर महोदय,

सादर प्रणाम। मेरा नाम मौनिका है। मैं आपकी पाठशाला में दसवीं कक्षा पढ रहा हूँ। मेरी दादी गुंटूर में रहती है। उसे दो दिन से तेज बुखार है। मैं अपनी दादी को देखने के लिए गुंटूर जाना चाहती है। इसलिए आप मुझे दि: 23-8-2025 से दि 27-8-2025 तक पाँच दिन की छुट्टी मंजूर करने की कष्ट करें।

आपका आज्ञाकारी छात्रा,
मौनिका,
दसवीं कक्षा,
वर्ग - ‘ सी ’
क्रम संख्या-12

(या)

आ) किसी ऐतिहासिक स्थान का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखिए।

मित्र के नाम पत्र

विजयवाडा.

XXXX,

प्रिय मित्र,

मैं यहाँ कुशल हूँ और समझता हूँ कि तुम भी कुशल हो। मैं ऐतिहासिक स्थल दिल्ली की यात्रा करके कल ही वापस आया। हम रेल से दिल्ली गये। वहाँ सदरन होटल में ठहरे। हम वहाँ तीन दिन ठहरकर लालकिला, ताजमहल, जंतर-मंतर, जामा मसजिद, अक्षरधाम, इंडिया गेट, ताजमहल, लोटस टैंपुल, बिर्ला मंदिर, हजरत निजामुद्दीन दर्गा, गुरुद्वार बंग्ला साहिब, नेशनल रेल्वे म्यूजियम, राजघाट, चाँदनी चौक, नेशनल म्यूजियम संसद भवन, कुतुब मीनार, सुप्रीमकोर्ट भवन आदि ऐतिहासिक स्थल देख लिये हैं। हमारी यात्रा आनंद और विज्ञानदायक होकर सफल रही। तुम भी एक बार जरूर दिल्ली जाकर देखो, माता-पिता को प्रणाम और बहन को प्यार कहना।

तुम्हारा प्रिय मित्र,

XXXX,

पताः<br>
ए,सुमीत,<br>
दसवीं कक्षा,<br>
जि.प.हाई स्कूल,<br>
तणुकु,<br>
प.गो.जिला।

**15 किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए।** **1 x 10 =10 M**

अ) स्वच्छता अभियान

आ) पर्यावरण प्रदूषण

इ) प्रिय त्योहार

ई) कंप्यूटर

## <u>अ) स्वच्छता अभियान</u>

- स्वच्छता अभियान हमारे देश का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है।
- इसकी शुरुआत नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को की थी।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को स्वच्छ और सुंदर बनाना है।
- यह अभियान महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने से प्रेरित है।
- स्वच्छता से हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है और बीमारियाँ कम होती हैं।
- साफ-सफाई रखने से वातावरण शुद्ध और सुखद बनता है।
- हमें अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखना चाहिए।
- कूड़ा हमेशा डस्टबिन में ही डालना चाहिए।
- खुले में शौच करना बंद करना इस अभियान का महत्वपूर्ण भाग है।
- सरकार ने इसके लिए शौचालय निर्माण पर विशेष ध्यान दिया है।
- स्वच्छता अभियान में सभी नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है।
- बच्चों को भी बचपन से स्वच्छता की आदत सिखानी चाहिए।
- हमें प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए।
- स्वच्छता से देश की सुंदरता और प्रतिष्ठा बढ़ती है।
- इसलिए हम सभी को मिलकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाना चाहिए।

## <u>आ) पर्यावरण प्रदूषण</u>

- पर्यावरण प्रदूषण आज के समय की एक गंभीर समस्या है।
- जब वायु, जल और भूमि दूषित हो जाते हैं, तब उसे पर्यावरण प्रदूषण कहते हैं।
- बढ़ती जनसंख्या और औद्योगीकरण इसके मुख्य कारण हैं।
- कारखानों और वाहनों से निकलने वाला धुआँ वायु प्रदूषण फैलाता है।

- नदियों में गंदा पानी और कचरा डालने से जल प्रदूषण होता है।
- प्लास्टिक और रासायनिक पदार्थ भूमि को प्रदूषित करते हैं।
- प्रदूषण के कारण अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैलती हैं।
- पेड़ों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता है।
- शोर-शराबा भी एक प्रकार का प्रदूषण है।
- हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।
- कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय उचित स्थान पर डालना चाहिए।
- प्रदूषण कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना चाहिए।
- सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए कई कानून बनाए हैं।
- प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह प्रकृति की रक्षा करे।
- यदि हम अभी सावधान नहीं हुए, तो भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

## इ) प्रिय त्यौहार

भूमिका - 1 M

त्यौहार का इतिहास -2 M

मानने की विधि -2 M

महत्व-1 M

उपसंहार - 1 M

- मेरा प्रिय त्योहार गणतंत्र दिवस है।
- यह हर साल 26 जनवरी को पूरे भारत में बड़े गर्व और उत्साह के साथ मनाया जाता है।
- इस दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था और भारत एक गणराज्य बना।
- इस दिन स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में झंडा फहराया जाता है।
- दिल्ली के राजपथ पर भव्य परेड होती है, जिसमें सेना, पुलिस और स्कूली बच्चे भाग लेते हैं।
- राष्ट्रपति तिरंगे को सलामी देते हैं और वीरता पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं।
- हम टीवी पर यह परेड बड़े ध्यान से देखते हैं।
- स्कूल में हम देशभक्ति गीत गाते हैं, भाषण देते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हैं।
- यह त्योहार हमें अपने देश से प्रेम करना और संविधान का सम्मान करना सिखाता है।
- गणतंत्र दिवस हमें देशभक्ति, एकता और लोकतंत्र की भावना से भर देता है।

## ई) कंप्यूटर

- कंप्यूटर आधुनिक विज्ञान का एक अद्भुत आविष्कार है।
- इसका आविष्कार मानव जीवन को सरल और तेज़ बनाने के लिए किया गया था।
- प्रारंभिक कंप्यूटर बहुत बड़े और भारी होते थे।
- समय के साथ इसमें अनेक सुधार हुए और यह छोटा तथा शक्तिशाली बन गया।
- कंप्यूटर के विकास में चार्ल्स बैबेज का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है।
- आज कंप्यूटर का उपयोग शिक्षा, बैंक, अस्पताल और उद्योगों में होता है।
- विद्यार्थी परियोजनाएँ बनाने और जानकारी प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर का उपयोग करते हैं।
- कार्यालयों में लेखा-जोखा और दस्तावेज़ तैयार करने का कार्य इससे किया जाता है।
- इंटरनेट के माध्यम से कंप्यूटर दुनिया को आपस में जोड़ता है।
- ऑनलाइन बैंकिंग, टिकट बुकिंग और खरीदारी भी कंप्यूटर से संभव है।
- वैज्ञानिक अनुसंधान और अंतरिक्ष कार्यों में भी कंप्यूटर की बड़ी भूमिका है।
- मनोरंजन के लिए भी कंप्यूटर पर खेल, संगीत और फिल्में देखी जाती हैं।
- कंप्यूटर कम समय में अधिक और शुद्ध कार्य करने में सक्षम है।
- इसका सही और सीमित उपयोग हमारे लिए लाभदायक है।
- इस प्रकार कंप्यूटर का आविष्कार और उसकी उपयोगिता मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## भाग- 5

## V भाषा की बात

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। **15 x 1 =15 M**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | श्रावण | 22 | तत्पुरुष समास | 28 | लडके खेल रहे हैं। |
| 17 | दी | 23 | नि: + संदेह | 29 | हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाते हैं। |
| 18 | 1886 | 24 * | निर् | 30 | वह अपना काम करता है। |
| 19 | में | 25 | इक | | |
| 20 | रास्ता | 26 | दिल कचोटना | | |
| 21 | स्वार्थ | 27 | गाय घास चर रही थी। | | |

* - Add Score

Prepated by

School Assistant (Hindi)

Date:

*Signature of the Gazetted Head Master*